
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-147 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 09 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## एनसीआरबी रिपोर्ट : यूपी में कम हुए महिला अपराध और दलित उत्पीड़न, छेड़छाड़ की घटनाएं 50% घटी


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** यूपी की जिस बदली कानून-व्यवस्था की चर्चा दूसरे राज्यों में भी होती है, उस पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े भी मुहर लगाते हैं। महिलाओं के साथ होने वाले अपराध, अपहरण, दलितों के खिलाफ अपराधों और संगीन घटनाओं में आई कमी यूपी पुलिस को भी राहत देने वाली है।

एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट क्राइम इन इंडिया-2024 के तीन वर्षीय तुलनात्मक आंकड़े प्रदेश की कानून-व्यवस्था में निरंतर सुधार दर्शाते हैं। यूपी में सबसे अधिक गिरावट दहेज हत्या के मामलों में देखने को मिली है। वर्ष 2023 में यूपी में दहेज हत्या के 2,122 मुकदमे दर्ज हुए थे, जिनकी संख्या 2024 में 1,047 रही। महिलाओं के साथ होने वाले इस जघन्य अपराध में 50 प्रतिशत से



अधिक की कमी दर्ज की गई। वहीं वर्ष 2022 के आंकड़ों की तुलना करें तो दहेज हत्या के मामलों में 51 प्रतिशत की कमी देखी गई। इसके अलावा दुष्कर्म 8.7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। यूपी में 2023 में दुष्कर्म के 3,516 मामले दर्ज हुए थे और 2024 में इनकी संख्या 3,209 रही। 2022 की तुलना में दुष्कर्म के मामलों में 13 प्रतिशत की कमी आई। महिलाओं की हत्या की घटनाएं भी कमी हुई है। ऐसी घटनाएं 2023 की तुलना में 2024 में 4.8 प्रतिशत कम हुईं। 2023 में महिलाओं की हत्या के 702 मामले दर्ज हुए थे, जिनकी संख्या 2024 में 668 रही। छेड़छाड़ की घटनाओं में भी 50 फीसद से अधिक कमी हुई। 2023 में ऐसे मामले 9,453 थे और 2024 में 4,418 रहे। एंटी रोमियो स्क्वाड की प्रभावी कार्रवाई और प्रदेश में महिला पुलिस कर्मियों की बढ़ी संख्या महिला अपराध के नियंत्रण में कारगर साबित हो रही है। अपहरण की घटनाओं में भी प्रभावी नियंत्रण देखने को मिला। वर्ष 2023 में दर्ज अपहरण के 14,272 मामले थे और 2024 में इनकी संख्या घटकर 5,306 रह गई। इस अपराध में 62.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस गश्त के पहले से अधिक प्रभावी होने के साथ ही घटनाओं को लेकर बढ़ी मानीटरिंग का परिणाम है कि संगीन घटनाएं कम हो रही है। वहीं जानकारों का कहना है कि एसटीएफ द्वारा एनकाउंटर और हाफ-एनकाउंटर के भय से भी ये कमी आई है।

### इन घटनाओं में भी आई कमी

डकैती - 2023 में 73 घटनाएं हुई थीं और 2024 में 57। इस अपराध में 21.9% की कमी।
लूट - 2023 में 1,354 घटनाएं हुई थीं और 2024 में 1,163। लूट में 14.1% की कमी।
चोरी - 2023 में 6,968 घटनाएं हुई थीं और 2024 में 3,753। चोरी में 46.1% की कमी।

### स्थिर रहे संज्ञेय अपराध

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज कुल संज्ञेय अपराध स्थिर रहे। वर्ष 2023 में 4,28,794 मामलों के मुकाबले 2024 में 4,30,552 मामले दर्ज किए गए। इनमें 0.4% की वृद्धि हुई। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) वर्ग के लोगों के विरुद्ध अत्याचार के मामलों में भी कमी दर्ज की गई। 2023 में इससे जुड़े 15,130 मामलों की तुलना में 2024 में 14,642 मामले दर्ज हुए। एससी-एसटी समुदाय के लोगों की हत्या के मामलों में 7% की कमी हुई। ऐसे अपराध 2023 में 157 के स्थान पर 2024 में घटकर 146 रहे। दुष्कर्म के मामले भी 2023 में 645 के मुकबाले 2024 में घटकर 575 रहे। घरेलू उत्पीड़न के मामलों को देखें तो 2024 में ऐसे 21,266 मामले दर्ज हुए। 2023 की तुलना में ऐसे मामलों को 6.9% की वृद्धि हुई।

## सुवेंदु अधिकारी बंगाल के सीएम होंगे, गृह विभाग रखेंगे : रूपा गांगुली समेत 2 डिप्टी सीएम बनेंगे



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी होंगे। राज्य में दो उप-मुख्यमंत्री भी होंगे। डिप्टी सीएम के तौर पर रूपा गांगुली के नाम पर मुहर लग चुकी है। दूसरा डिप्टी सीएम उत्तर बंगाल से पुरुष विधायक होगा। सुवेंदु के पास गृह विभाग का प्रभार होगा।

सुवेंदु विधायक दल की बैठक के लिए कोलकाता के कन्वेंशन सेंटर पहुंच गए हैं। उन्होंने नए विधायकों से मुलाकात की। अमित शाह की अध्यक्षता में बैठक में सीएम के नाम को ऐलान होगा। कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में कल 10 बजे मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं। विधायक दल की बैठक को लेकर शाह आज सुबह जब कोलकाता पहुंचे तो एयरपोर्ट पर सुवेंदु ने ही उनका स्वागत किया था। शाह को सीएम चुनने के लिए भाजपा ने ऑब्जर्वर बनाया है। बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को आए। बीजेपी ने 294 में से 207 सीटें जीतकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। टीएमसी सिर्फ 80 पर सिमट गई। राज्य में कुल 294 विधानसभा सीट हैं, एक सीट फालता पर 21 मई को दोबारा मतदान होगा। रिजल्ट 24 मई को आएगा। ममता बनर्जी ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा- चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। कोलकाता के पास मध्यमग्राम में सुवेंदु अधिकारी के ढअ चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे स्कॉर्पियो पर सवार थे। एक कार उनकी गाड़ी के सामने खड़ी हो गई। इसी बीच बाइक पर आए हमलावरों ने 6 से 10 राउंड फायरिंग की। बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग कर दी। लोकभवन से गुरुवार शाम को इसका नोटिफिकेशन जारी हुआ। इसका मतलब है कि ममता कैबिनेट के किसी भी मंत्री के पास अब कोई पावर नहीं रहेगी। बीजेपी विधायक और पूर्व भारतीय क्रिकेटर अशोक डिंडा ने कहा- हम कुछ नहीं कहना चाहते, जनता ने अपना जवाब दे दिया है। ममता बनर्जी कुछ भी कर सकती हैं, लेकिन सरकार हम ही बनाएंगे।

## सुर्खियां............

### कबर बिज्जू ने किया मासूम पर हमला,इलाके में दहशत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जवाहर नगर में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कबर बिज्जू ने एक 11 वर्षीय मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से इलाके में दहशत फैल गई। घायल बच्चे को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार उपचार किया गया।

### महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बीते रोज बुधवार को मायके में पशुबाड़े के अंदर स्नान करने गई महिला को दबोचकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी प्रधान पुत्र सौरभ पटेल निवासी ग्राम घमूरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया है।

### पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर दिव्यांग ने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या की

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पुलिस कार्यवाही से क्षुब्ध होकर एक दिव्यांग व्यक्ति ने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर एवं दमकल कर्मियों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला प्रताप नगर निवासी दिव्यांग मनोज हिगवासिया उम्र 57 वर्ष गुरुवार शाम घर से बिना बताए निकल गए थे। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोज की।

## बीजेपी नेता ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर फंसाया, फिर 19 बार मिटाई हवस, होटल के कमरे का सच जानकर उड़ जाएंगे होश

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** प्रदेश के कानपुर के नजीराबाद इलाके से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ खुद को बीजेपी का सोशल मीडिया प्रभारी बताने वाले अनुभव उर्फ कृष्णा पांडे पर एक 16 साल की नाबालिग छात्रा के साथ 19 बार बलात्कार करने का आरोप लगा




आरोप है युवक ने युवती को प्रेम जल में फसकर इस घटना को अंजाम दिया साथ ही होटल ले जाने के लिए पीड़िता के आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ की। इस पूरे मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी कृष्णा पांडे ने सोशल मीडिया के जरिए उससे दोस्ती की और शादी का झांसा देकर एक होटल में ले गया। वहां उसने छात्रा का अश्लील वीडियो बना लिया और पिछले एक साल से उसी वीडियो के दम पर उसे ब्लैकमेल करता रहा। विरोध करने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। होटल में कमरा हासिल करने के लिए आरोपी ने शातिर दिमाग का इस्तेमाल किया। क्यूंकि छात्रा नाबालिग थी, इसलिए कृष्णा ने उसके आधार कार्ड में उसका डेट ऑफ़ बर्थ बदलकर उसे बालिग दिखाया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि होटल मैनेजर ने बिना सही जांच के कमरा कैसे दिया। आरोप है कि मैनेजर ने भी आरोपी का साथ दिया। जब पीड़िता ने अपनी आपबीती मां को बताई, तो आरोपी के परिवार ने शिकायत करने पर पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट), धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस पूरे मामले में तूल पकड़ते ही बीजेपी के शहर अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने स्पष्ट किया कि आरोपी को पहले ही पार्टी से निकाला जा चुका है और उसका संगठन से अब कोई लेना-देना नहीं है। फिलाहल पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है साथ आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाई शुरू कर दी है।

## लखनऊ में पूर्व सैनिकों के लिए घर-घर पहुंचेगी दवा

**लखनऊ।** लखनऊ में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों को अब इलाज और दवाओं के लिए बार-बार पॉलीक्लिनिक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। लखनऊ और रायबरेली स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक ने इंडिया पोस्ट और सीएससी ग्राम स्तरीय उद्यमियों के सहयोग से घर-घर दवा वितरण सेवा शुरू की है। इस नई व्यवस्था के तहत लाभार्थियों को हर महीने जरूरी दवाएं सीधे उनके घर तक पहुंचाई जाएंगी।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले पूर्व सैनिकों तक समय पर दवाएं पहुंचाना है। इससे बुजुर्ग पूर्व सैनिकों, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों और लंबी दूरी तय कर अस्पताल पहुंचने में असमर्थ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। डाक विभाग के नेटवर्क और सीएससी श्छए की मदद से दवाएं सीधे लाभार्थियों के घर तक पहुंचाई जाएंगी। ईसीएचएस अधिकारियों के मुताबिक नई प्रणाली से दवा वितरण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और तेज होगी।

## 'योगी जी मुझसे 2000 मांगे जा रहे...', कांस्टेबल ने आईपीएस अफसरों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस एक बार फिर विवादों में घिर गई है. इस बार मामला लखनऊ पुलिस लाइन से जुड़ा है. यहां ड्यूटी लगाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप है. आरोप किसी ओर ने नहीं बल्कि खुद यूपी पुलिस के सिपाही ने लगाए हैं. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सिपाही ने पुलिस विभाग के भीतर चल रही भ्रष्टाचार व्यवस्था का खुलासा किया है.



लखनऊ पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सुनील कुमार शुक्ला ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में दावा किया कि पुलिस विभाग के अंदर एक सुनियोजित वसूली तंत्र काम कर रहा है. उनके मुताबिक ड्यूटी लगाने और सुविधाजनक पोस्टिंग देने के बदले पुलिसकर्मियों से हर महीने पैसे वसूले जाते हैं. वीडियो में उन्होंने कुछ आईपीएस अधिकारियों को काला अंग्रेज बताते हुए आरोप लगाया कि पूरी व्यवस्था उनके संरक्षण में चल रही है. सुनील ने कहा कि सिपाही और दीवान जैसे निचले स्तर के कर्मचारियों पर आर्थिक दबाव बनाया जाता है. उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस पूरे मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई करने की मांग की है. सिपाही सुनील शुक्ला ने अपने आरोपों में कहा कि पुलिस लाइन में वसूली का नेटवर्क कई स्तरों पर संचालित होता है. उनके अनुसार सबसे पहले आरआई यानी रिजर्व इंस्पेक्टर की नियुक्ति होती है, जिसके बाद गणना प्रभारी और फिर गारद कमांडर की भूमिका आती है. आरोप है कि ड्यूटी पाने के लिए सिपाहियों और दीवानों को हर महीने दो हजार रुपये तक देने पड़ते हैं. गारद कमांडर इन पैसों को इकट्ठा कर आगे अधिकारियों तक पहुंचाते हैं. सुनील ने दावा किया कि यह व्यवस्था केवल लखनऊ तक सीमित नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी तरह काम कर रही है. वीडियो में उन्होंने इसे भ्रष्टाचार की जमींदारी व्यवस्था बताया. वीडियो में सुनील शुक्ला ने वसूली की रकम को लेकर भी बड़ा दावा किया. उन्होंने बताया कि लखनऊ पुलिस लाइन की एक गणना में लगभग 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल हैं. इनमें से करीब 400 को नियमित ड्यूटी दी जाती है. आरोप के अनुसार यदि हर कर्मचारी से दो हजार रुपये प्रति माह लिए जाएं तो केवल एक गणना से लगभग आठ लाख रुपये की वसूली होती है. लखनऊ पुलिस लाइन में ऐसी चार गणनाएं होने का दावा किया गया है. इस हिसाब से हर महीने लाखों रुपये की अवैध वसूली का आरोप सामने आया है. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हलचल बढ़ गई है. लखनऊ पुलिस कमिश्नर ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं. अधिकारियों का कहना है कि वीडियो और लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी. वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर बहस तेज हो गई है.

## एक्टर विजय का तमिलनाडु सीएम बनना तय



**चेन्नई।** तमिलनाडु में एक्टर विजय का मुख्यमंत्री लगभग तय है। सूत्रों ने दावा किया है कि तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) को कांग्रेस के बाद 3 छोटी पार्टियां, वीसीके, सीपीआई और सीपीआई(एम) भी समर्थन देने को राजी हैं। इस बीच टीवीके चीफ विजय ने आज लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मिलने का समय मांगा है। इससे पहले 6 और 7 मई को भी वे राज्यपाल से मिले थे। लेकिन दोनों बार उन्होंने विजय को यह कहकर लौटा दिया था कि सरकार बनाने के लिए जरूरी 118 विधायकों का समर्थन लेकर आएं। टीवीके ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीती हैं। कांग्रेस के 5 विधायक पहले ही उन्हें समर्थन दे चुके हैं। सीपीआई, सीपीआई (एम) और वीसीके के 2-2 विधायक के साथ आ जाने से टीवीके के पास बहुमत का आंकड़ा 118 हो जाएगा। तमिलनाडु में कांग्रेस से गठबंधन टूटने के बाद डीएमके ने लोकसभा में अपने सांसदों की सीट व्यवस्था बदलने की मांग की है। डीएमके की उप महासचिव और तूतीकोरिन सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने 7 मई 2026 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेटर लिखा। उन्होंने लेटर में लिखा- बदले हुए राजनीतिक हालातों को देखते हुए और कांग्रेस के साथ हमारा गठबंधन खत्म हो गया है। ऐसे में हमारे सदस्यों के लिए सदन में उनके साथ बैठने की व्यवस्था का जारी रखना सही नहीं हो सकता है। सीपीआई और सीपीआई(एम) ने शुक्रवार शाम टीवीके को समर्थन देने का फैसला किया। दोनों वामपंथी दलों के विधानसभा में दो-दो विधायक हैं, जिससे टीवीके को 4 अतिरिक्त सीटों का समर्थन मिल गया है। 108 सीटों वाली टीवीके को पहले ही कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिल चुका है। कांग्रेस प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीपीआई के जनरल सेक्रेटरी डी राजा से बात की है और उनकी पार्टी से तमिलनाडु में सेक्युलर सरकार बनाने के लिए टीवीके को सपोर्ट करने की अपील की है, सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि खड़गे ने गुरुवार को राजा को फोन करके इस बात पर जोर दिया कि सीपीआई को जल्दी फैसला लेना चाहिए ताकि बीजेपी को पिछले दरवाजे से सत्ता हथियाने का मौका न मिले।

# सविमं में मेधावियो को किया गया सम्मानित

## विधायक ,पालिकाध्यक्ष से सम्मान पाकर गदगद हुए मेधावी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** गल्ला मंडी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मूलचन्द्र निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिओ द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हाईस्कूल वर्ग में देवराज सिंह, सुलभ, आयुष को सम्मानित किया गया, जबकि इंटरमीडिएट वर्ग में हर्षित गुप्ता, शिव गुप्ता, राहुल नगाइच को सम्मान मिला।मुख्य अतिथि विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त होती है।उन्होंने छात्रों से निरंतर अध्ययन कर अपने माता-पिता विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। वहीं विशिष्ट आतीथि के रूप में उपस्थित पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मेधावी छात्र समाज और राष्ट्र का भविष्य होते हैं तथा ऐसे सम्मान समारोह अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते हैं।इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह निरंजन, शंभूदयाल सोनी, डॉ आलोक निरंजन, आनंद समरया, श्रीकांत गुप्ता एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य एनडी जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेन्द्र द्विवेदी ने किया।समारोह में विद्यालय परिवार,अभिभावकों एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मेधावी छात्रो का उत्साहवर्धन किया।

# कबर बिज्जू ने किया मासूम पर हमला,इलाके में दहशत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जवाहर नगर में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कबर बिज्जू ने एक 11 वर्षीय मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से इलाके में दहशत फैल गई। घायल बच्चे को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार उपचार किया गया।जानकारी के अनुसार मुहल्ला जवाहर नगर निवासी 11 वर्षीय बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान झाड़ियों की ओर से निकला कबर बिज्जू अचानक बच्चे पर झपट पड़ा और उस पर हमला बोल दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों के शोर मचाने पर जानवर वहां से भाग गया, लेकिन तब तक बच्चा घायल हो चुका था। बच्चे के शरीर पर कबर बिज्जू के पंजों और काटने के निशान मिले हैं।घटना के बाद मुहल्ले में भय का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। तब तक स्थानीय मुहल्लेवासियों की सहायता से जाल लगाकर मुहल्ले वासियों ने उसको पकड़ लिया और वन विभाग की टीम के सुपुर्द कर दिया वन विभाग की टीम ने जानवर को सुरक्षित कब्जे में लेकर उसे जंगली क्षेत्र में छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

वन विभाग प्रभारी अमित शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में जंगली जानवर दिखाई दे तो उसके पास जाने की कोशिश न करें और तुरंत वन विभाग को सूचना दें।उन्होंने कहा कि सतर्कता बरतने से किसी भी बड़ी घटना को रोका जा सकता है।वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और नियमित गश्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हों सके।

# डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब द्वारा दी गयी एसडीएम को विदाई

## -पत्रकारो ने दुखी मन से एसडीएम को विदा किया

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई कोंच द्वारा स्थानीय सरोजनी नायडू पार्क में उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह का जिला मुख्यालय स्थानांतरण हो जाने के बाद विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष अंजनी श्रीवास्तव ने की जव की मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता,डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के संरक्षक पूर्व अध्यक्ष संजय सोनी मंच पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार साथियो सर्व प्रथम एसडीएम ज्योति सिंह को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस मौके पर उपस्थित पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि एसडीएम द्वारा हमेशा नगर की चिंता की गयी है।उन्होने कहा उनके पास जो भी फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचा तो उसकी समस्या का प्रमुखता से समाधान किया गया।इस मौके पर उपस्थित एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा कि नगर से हमे बहुत कुछ सीखने को मिला है।यहां के लोग बहुत अच्छे है सभी का स्नेह मिला जिसे कभी भुलाया नही जा सकता है।कोंच हमारी पहली पोस्टिंग थी यह हमेशा याद रहेगी।उनाहोने कोंच की विश्व प्रसिद्ध रामलीला का भी जिक्र करते हुए कहा कि मेरे मन में रामलीला को बहुत कुछ देने को मन में था।यहां की रामलीला वास्तव में तारीफ के काबिल है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष अंजनी श्रीवास्तव ने अपने भावुक शब्दो में कहा कि एसडीएम ज्योति सिंह ने हम सभी पत्रकारो हो हमेशा भाई माना है।उन्होने कहा स्थानांतरण तो एक स्वभाविक प्रक्रिया है लेकिन एसडीएम उत्तरोत्तर प्रगति कर उच्च पद पर पहुंचे यही ईश्वर से प्रार्थना है।कार्यक्रम को हरगोविंद खुराना,आरिफ बादशाह, सभासद बादाम कुशवाह, आदि ने भी संबोधित किया।इस मौके पर नवीन कुशवाह, रामप्रकाश यादव, हरिओम याज्ञिक, आवेश जाटव, शुभम तिवारी,पवन याज्ञिक मुनिया पटेल आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन सभासद अनिल वर्मा ने किया।




# महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने दबोचा

## मायके आई महिला पशुबाड़े में नहा रही थीं तब हुई थी घटना

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बीते रोज बुधवार को मायके में पशुबाड़े के अंदर स्नान करने गई महिला को दबोचकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी प्रधान पुत्र सौरभ पटेल निवासी ग्राम घमूरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया है।मध्य प्रदेश के इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में ब्याही महिला ने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि बीते दिनों पूर्व वह अपने पति के साथ यहां मायके आयी हुई थी। बुधवार की सुबह 11 बजे वह घर के सामने स्थित पशुबाड़े में नहाने गई हुई थी। नहाने के लिए जैसे ही उसने अपने कपड़े निकाले तभी गांव का ही प्रधान पुत्र सौरभ मौके पर आया और उसे दबोचकर वहां बने एक कमरे में ले गया जहां उसने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बचाव में वह चिल्लाई तो उसने गाली गलौज कर मारपीट की और घटना के बाबत किसी को बताने पर पति को फोटो सेंड करने की धमकी देकर मौके से भाग गया। महिला ने प्रार्थना पत्र में बताया कि घर आकर वह कीटनाशक दवा पीने लगी तो पति ने यह देख लिया और उससे पूछा जिसके बाद उसने पति को पूरी घटना बताई। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपित युवक सौरभ के विरुद्ध दफा 64(1), 115(2), 351(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर महिला का चिकित्सकीय परीक्षण और उसके बयानों को दर्ज किए जाने की कार्यवाही पूरी कर ली थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी युवक सौरभ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जनगणना में शिक्षिकाओ की अन्य ब्लॉकों में लगा दी गई ड्यूटी

## -ड्यूटी स्थान परिवर्तन करने को एसडीएम को दिया ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सरकारी कार्य जनगणना में लगाई गई परिषदीय शिक्षिकाओं ने नौकरी तैनाती वाले ब्लॉक के बजाए अन्य दूसरे ब्लॉकों के गांवों में ड्यूटी लगाए जाने के मामले में गत दिनों पूर्व प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद भी अब तक समुचित कार्यवाही न होने से परेशान होकर एक बार फिर से एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर ड्यूटी परिवर्तित किए जाने की गुहार लगाई है। नदीगांव ब्लॉक के अलग-अलग गांवों में स्थित परिषदीय स्कूलों में पदस्थ तमाम शिक्षिकाओं ने महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष उपमा निरंजन के नेतृत्व में एसडीएम हेमंत पटेल को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि जनगणना कार्य में उनकी ड्यूटी अन्य दूसरे ब्लॉकों के गांवों में लगा दी गई है जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि पुरुष शिक्षकों की ड्यूटी उनके तैनाती वाले गांवों में ही लगाई है। इन शिक्षिकाओं ने मांग की है कि उनकी ड्यूटी उनके तैनाती वाले गांवों अथवा ब्लॉक में ही आसपास के गांवों में लगाई जाए, साथ ही जिन शिक्षिकाओं के बच्चों की आयु अभी सिर्फ एक वर्ष है ऐसी शिक्षिकाओं को जनगणना कार्य से मुक्त रखा जाए। मामले में एसडीएम ने शिक्षिकाओं को समुचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन देने वाली शिक्षिकाओं में नदीगांव ब्लॉक अध्यक्ष उपमा निरंजन सहित कोंच ब्लॉक अध्यक्ष दीप्ति गुर्जर, शालिनी शर्मा, जयंती निरंजन, प्रवति वर्मा, निधि गुप्ता, निधि राठौर, छाया अहिरवार आदि शामिल रही।



# नगर में दर्शन करने आए भक्तों के जत्थे का स्वागत किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** काठमांडू नेपाल से भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए जा रहे जत्थे ने नगर में आकर घाटे वाली माता के दर्शन किये। नगर में दर्शन करने आए भक्तों के जत्थे का स्वागत किया गया और उनके चाय नाश्ता के साथ भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। भोजन व प्रसाद ग्रहण करने के बाद जत्था चित्रकूट के लिए रवाना हो गया।




शुक्रवार की सुबह काठमांडू नेपाल से भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए जा रहा जत्था बस द्वारा नगर में स्थापित घाटे वाली माता मंदिर के दर्शन के पहुंचा। मंदिर में दर्शन करने आए दर्शनार्थियों का भक्त तीर्थकर भानू महाजन एवं पूर्व सभासद विजय वर्मा के नेतृत्व में माला पहनाकर कर स्वागत किया। स्वागत के बाद दर्शनार्थियों को चाय नाश्ता कराया गया और उनके विश्राम की व्यवस्था की गई। विश्राम के बाद उन्हें भोजन कराया गया। भोजन करने के 30 भक्तों का जत्था भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए बस द्वारा बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे होते हुए चित्रकूट के लिए रवाना हो गया। तीर्थकर भानू महाजन ने बताया कि जब वह अकेले अंखड भारत यात्रा पर गए थे। तब इन भक्तों से उनकी भेंट हुई थी और उनसे घाटे वाली माता के मंदिर को लेकर चर्चा हुई थी। इसके बाद इन लोगों में घाटे वाली माता मंदिर के दर्शन की इच्छा थी। आज जब उन्हें मौका मिला तो वह दर्शन करने आ गए। मंदिर में दर्शन करने आये भक्तों में नेपाल के पोखरा निवासी मुरारी, विष्णु, गोपाल, भारत, गंगा, कमल, किशन, दीपक, ऋषि, दुर्गा आदि भक्त शामिल थे।

# चालीस करोड़ के राजस्व की चोरी करने वाले आरोपी को नहीं मिली जमानत

**झांसी।** फर्जी कूट रचित दस्तावेज तैयार कर सरकार को चालीस करोड़ रुपए की हानि पहुंचाने वाले आरोपी को न्यायालय सत्र न्यायाधीश कमलेश कच्छल की अदालत ने जमानत देने से इन्कार करते हुए उसका जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है। अभियुक्त को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी क्राइम मृदुलकांत श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 दिसंबर 2025 को वरिष्ठ सहायक विजिलेंस अनुसंधान शाखा राज्य कर झांसी ने थाना शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि दिल्ली के बेस्ट सिराजपुर जतिन पार्क निवासी नीरज रंजन गुप्ता ने फर्जी कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी फर्म पर उत्तर प्रदेश सरकार की चालीस करोड़ की जीएसटी चोरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। आज आरोपी की ओर से न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

# पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर दिव्यांग ने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या की

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** पुलिस कार्यवाही से क्षुब्ध होकर एक दिव्यांग व्यक्ति ने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर एवं दमकल कर्मियों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला प्रताप नगर निवासी दिव्यांग मनोज हिगवासिया उम्र 57 वर्ष गुरुवार शाम घर से बिना बताए निकल गए थे। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोज की। शुक्रवार सुबह सीसीटीवी कैमरों की जांच में मनोज कैलिया बाईपास पर पंचानन चौराहे की ओर जाते दिखाई दिए। वह हाथ में छड़ी और सफेद पॉलीथिन में एक पानी की बोतल लिए पैदल जा रहे थे। बाईपास के पास बृजेंद्र शुक्ला के खेत में बने शंकरजी मंदिर के बगल में स्थित कुएं के बाहर मनोज की छड़ी, चप्पल, लोवर और पानी की बोतल मिली। घबराए परिजनों ने यूपी-112 पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोतवाली और फायर सर्विस टीम मौके पर बुलाई।सूचना में प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह,वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, खेड़ा चौकी प्रभारी शिव नारायण और सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान मंदिर की दीवार पर नीले पेन से लिखा एक सुसाइड नोट मिला। वहीं मंदिर के गेट के पास बने आरे में मनोज का दिव्यांग प्रमाण पत्र, एक कोरा कागज और दो पेन भी बरामद हुए।कुंए की दीवाल पर लिखे सुसाइड नोट में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाये गए हैं। पुलिस ने पहले कांटा डालकर कुएं में तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में गोताखोर सुनील कुमार को बुलाया गया, जिसने कुएं में नीचे उतरकर मनोज का शव बाहर निकाला। फील्ड यूनिट ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। परिजनों के अनुसार मनोज मानसिक रूप से भी परेशान रहते थे और उनका इलाज चल रहा था।मनोज की मौत की खबर से उनके परिवार में कोहराम मच गया

# साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** क्षेत्रीय ग्राम महिया खास में रामजानकी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद को चखा। महिया खास गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भागवताचार्य पंडित सर्वेश दीक्षित ने श्रृद्धालुओं को भागवत कथा का श्रवण कराया। भागवत कथा के समापन पर आरती की गई साथ ही हवन पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। विश्व के कल्याण और सुख समृद्धि की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शुक्रवार को कथा स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचे और भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारे के आयोजन में मलखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र, हरेंद्र, कालका प्रसाद, विशंभर दयाल, दीनदयाल, बनवारी लाल, दीपेंद्र, बीटू, दीपू, सुंदर सिंह, दुर्गा प्रसाद, राहुल, सुशांत सिंह आदि ने सहयोग किया।



# अरविंद यादव हत्याकांड के आरोपी को जमानत देने से इंकार

**झांसी।** दिनदहाड़े ग्राम भोजला में अरविंद यादव की बंदूक की गोलियों से भूनकर कर हत्या करने वाले आरोपी को जमानत देने से इंकार कर न्यायालय सत्र न्यायाधीश कमलेश कच्छल की अदालत ने उसका जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। न्यायालय ने आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास देख गवाहों ओर मुकदमा वादी की सुरक्षा को देखते हुए जमानत देने से आरोपी को इंकार किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी क्राइम मृदुलकांत श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आठ सितंबर को ग्राम भोजला में अरविंद यादव दोपहर करीब एक बजे अपनी पत्नी के साथ बैंक जा रहा था। जैसे ही वह भोजला चौराहे पर पहुंचा तभी पहले से घात लगाए बैठे विपक्षियों ने पुरानी रंजिश के चलते अरविंद पर बंदूक की गोलियों से ताबड़तोड़ बौछार कर दी। जिससे अरविंद यादव की मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए सभी पर रासुका की कार्यवाही की थी। इस मुकदमे के आरोपी ग्राम भोजला निवासी कैलाश यादव की ओर से आज न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

# किन्नरों का हंगामा, दूसरे गुट पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया

**झांसी।** शुक्रवार को किन्नरों के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई खुलकर सड़क पर आ गई। पांच टोलियों के किन्नरों ने विरोधी गुट पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पहले नवाबाद थाने के बाहर प्रदर्शन किया, फिर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस पर एफआईआर न दर्ज किए जाने का आरोप लगाया। मांग पूरी न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दे डाली। किन्नर गुरु बबली नायक के नेतृत्व में पहुंचे किन्नरों ने आरोप लगाया कि विरोधी गुट के लोग बाउंसरों के साथ शादी समारोह में पहुंचे और हॉकी-डंडों से हमला कर दिया। बबली नायक ने बताया कि शुक्रवार सुबह वे शिवाजी नगर इलाके में एक शादी समारोह में बधाई मांगने गई थीं। आरोप है कि तभी विरोधी गुट के किन्नर कई बाउंसरों के साथ वहां पहुंच गए और हमला बोल दिया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और उन्हें जान बचाकर भागना पड़ा।

**'यंग भारत' की खबर का असर : दो दिन पूर्व प्रमुख डिजिटल दैनिक ने ढाबों के बाहर हाइवे को दाबकर दोनो तरफ खड़े होने वाले ट्रकों के खिलाफ खबर प्रकाशित की थी**

# जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग सख्त

## नो पार्किंग में खड़े 14 वाहनों के विरुद्ध की गई प्रभावी कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** वरिष्ठ- सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0) सुरेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार और सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज दिनाँक 08 मई 2026 को परिवहन विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों (जोल्हूपुर मोड़, आटा टोल प्लाजा, गोबिन्दम, मेडिकल तिराहा उरई) पर नो पार्किंग में खड़े 14 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी।

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज की गई कार्रवाई के दौरान कुल 14 वाहनों को ''नो-पार्किंग'' जोन में खड़ा पाया गया। इन सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ- सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रशा0/प्रर्व0) सुरेश कुमार ने बताया कि सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न करते हैं, बल्कि गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। आज 14 वाहनों पर की गई यह कार्रवाई एक संदेश है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। परिवहन विभाग सभी वाहन स्वामियों और चालकों से अपील करता है कि वे अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। सड़कों पर अवैध पार्किंग से बचें ताकि आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित बनी रहे।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर मानवता और सेवा का संदेश, रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

## जल्द बनेगा रेडक्रॉस सोसाइटी का अपना भवन, सेवा कार्यों को मिलेगा नया विस्तार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने रेडक्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. ममता स्वर्णकार ने 59वीं बार रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया। वहीं लक्ष्मण दास बाबानी, राकेश कुशवाहा, गरिमा पाठक, बलबीर सोनी और अब्दुल करीम ने भी रक्तदान किया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा उत्कृष्ट सेवाभावी कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया तथा क्षय रोगियों को 10 निक्षय पोषण पोटलियों का वितरण किया गया। साथ ही रेडक्रॉस सोसाइटी में नए सदस्यों को भी शामिल किया गया, जिनमें प्रदीप महतवानी, प्रद्युम्न सिंह कंथरिया, मनीष शंकर अग्रवाल, यशमीन एवं अली जाफर प्रमुख रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि रेडक्रॉस मानवता, करुणा और सेवा का प्रतीक है तथा इसके स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सहायता में सदैव तत्पर रहते हैं। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस संकट की हर घड़ी में मानवता की सेवा का संदेश देता है और समाज को एक-दूसरे के सहयोग के लिए प्रेरित करता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों को और सशक्त बनाने के लिए एक माह के भीतर सोसाइटी के अपने भवन के निर्माण की दिशा में कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग पांच हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में बनने वाला यह भवन सामाजिक एवं मानवीय गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस अवसर पर डॉ. नरेश वर्मा, सीएमएस आनंद उपाध्याय, रामशरण जाटव, अलीम सर, शांति स्वरूप महेश्वरी, महावीर तरसौलिया, अखिलेश नगाईच, डॉ. अर्चना विश्वास, शहर काजी शकील बेग रहमानी, शहर इमाम हकीम खालिद रहमानी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं समाजसेवा से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनी शिकायतकर्ताओं की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

## राजस्व, पुलिस, नगर निकाय व विकास से जुड़ी शिकायतों पर गंभीरता से हुई सुनवाई

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, नगर निकाय, विद्युत, सड़क, पेंशन, राशन कार्ड एवं भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही कई प्रकरणों में कई शिकायतों का निस्तारण कर शेष हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि दिलाने पर जोर दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है तथा प्रत्येक व्यक्ति/शिकायत की समस्या का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

# सड़क हादसों पर सख्ती के निर्देश, डीएम बोले लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

## - टोल प्लाजा पर 24 घंटे चलेगा जागरूकता अभियान, रॉन्ग साइड व ओवरस्पीडिंग पर करें कठोर कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को अनुशासित बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने हाल ही में जोल्हूपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि चालक को नींद आने के कारण हुई यह दुर्घटना बेहद गंभीर हुई है, उक्त दुर्घटना के ऑडिट के लिए एसडीएम, सीओं, एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता सीडी 3 और एनएचएआई के अधिकारियों सहित टीम गठित की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी टोल प्लाजा पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से 24 घंटे सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएं तथा थके हुए वाहन चालकों को रेस्ट एरिया में विश्राम करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग को वाहन चालकों एवं परिचालकों की नियमित स्वास्थ्य जांच और दक्षता परीक्षण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही हाईवे किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों, रॉन्ग साइड चलने वालों, ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूलों और कॉलेजों में नियमित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों में अभिभावकों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही स्कूल वाहनों की फिटनेस एवं सुरक्षा मानकों की नियमित जांच के निर्देश दिए।शहरी यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी ने शहरी यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए विकास प्राधिकरण सचिव, नगर मजिस्ट्रेट एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उरई को निर्देश दिए की सड़कों पर अनावश्यक पार्किंग और दुकानों के बाहर अतिक्रमण की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, एआरटीओ राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संगठन की मजबूती को लेकर 10 को होगी जिला कार्यालय पर अपना दल की बैठक-अनिल कुदारी

## आगामी रणनीति पर किया जायेगा विचार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आगामी 10 मई दिन रविवार को झांसी रोड स्थित अपना दल कार्यालय पर जनपद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त बात की जानकारी देते हुए अपना दल एस (अनुप्रिया पटेल) के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने बताया कि उक्त बैठक संगठन को मजबूत करने एवं आगे की रणनीति बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही संगठन को गांव गांव एवं बूथ व सेक्टर तक मजबूत बनाने के लिए रणनीति तैयार की जायेगी। उन्होंने बताया कि बैठक में समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बैठक में शामिल होने के निर्देश दिये गये है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जेलरोड पर मिलावट खोरों के खिलाफ चलाया अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ, उ. प्र. एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) जालौन डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में बाजारों में बिक्री किए जा रहे खाद्य तेल, घी, सुपाड़ी पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए टीम द्वारा स्थान जेल रोड पर स्थित अगस्त्य एसोसिएट से खाद्य पदार्थ सुपारी का नमूना संग्रहित किया गया व परिसर में साफ सफाई हेतु नोटिस निर्गत किया गया। एवं अनिल पुरवार सब्जी मंडी गोपाल गंज के परिसर से खाद्य पदार्थ रिफाइंड सोयाबीन ऑयल ब्रांड जेमिनी संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और त्योहारों तक जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त (खाद्य) जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, महेश प्रसाद उपस्थित रहें।

# स्व. श्याम बिहारी मिश्रा का 88वां जन्मोत्सव सेवा समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया

- उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया सेवा समर्पण दिवस
- जरूरतमंदों को कराया गया भोजन वितरण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन।** उद्योग व्यापार मंडल द्वारा स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा का 88 वां जन्मोत्सव सेवा समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। स्टेशन रोड स्थित डायमंड होटल के पास आयोजित कार्यक्रम में नर-नारायण सेवा के तहत जरूरतमंदों को भोजन व मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने 'श्याम बिहारी मिश्रा अमर रहें' के नारे लगाकर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने स्व. श्याम बिहारी मिश्रा के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि सेवा और समाजहित के कार्यों से ही व्यक्ति समाज में अमर होता है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री दिलीप सेठ, प्रदेश मंत्री हरिओम बाजपेई, अवनीश चंद्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष अरुण त्रिपाठी, संरक्षक संजय गुप्ता, नवाब खान, पुरुषोत्तम दास घंटी, प्रदीप गुप्ता, मनीष शंकर अग्रवाल, जितेंद्र यादव, विनोद सैनी जोजो, विनय सिंह, शिवम प्रजापति, सौरभ सोनी, सूर्यांशु थापक, शैलेन्द्र, प्रशांत समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला पदाधिकारियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। श्रद्धा सेंगर, स्वर्णलता लता सेठ,निशा सिंह,स्वर्णलता पाठक,विनीता प्रजापति, नीलम दीक्षित, सुमन सिंह, संध्या चौहान और कल्पना सक्सेना सहित अन्य महिलाओं ने भी सेवा कार्य में सहयोग किया।

# पाल बघेल महासभा का चौदहवां सामूहिक कन्या विवाह समारोह 9 भी को

## महाकवि कालीदास उ.मा. विद्यालय लहारियापुरवा उरई में होगा आयोजित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** पाल बघेल महासभा शाखा जालौन का चौदहवां सामूहिक कन्या विवाह समारोह 9 भी शनिवार को महाकवि कालिदास उ.म. विद्यालय लहारियापुरवा उरई में आयोजित किया जाएगा।

उक्त बात की जानकारी आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पाल-बघेल समाज के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल फौजी ने देते हुए बताया कि चौदहवें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 7 जोड़े भाग ले रहे हैं। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक श्रीराम पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पाल बघेल विकास महासभा, मुख्य अतिथि शम्भूदयाल बघेल ग्वालियर, प्रमुख अतिथि राजाराम पाल पूर्व सांसद कानपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में राधेलाल बघेल पूर्व विधायक सेवढ़ा म. प्र., राजकुमार पाल पूर्व विधायक प्रतापगढ़, राकेश बघेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आगरा, बाबा बालकदास सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, समरथ पाल प्रभारी बुंदेलखंड पिछड़ा वर्ग सपा, मोतीलाल पाल पूर्व शासकीय अधिवक्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा धनगर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बघेल विकास महासभा, श्रीमती जानकी पाल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुल्तानपुर मौजूद रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल फौजी करेंगे। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर्ता के रूप में श्री श्री 1008 रामशरण दास जी महाराज श्री जगन्नाथ मंदिर अयोध्या धाम व श्री श्री 1008 गंगादास जी महाराज हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम शामिल रहेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से जिला संरक्षक लल्लूराम पाल पूर्व प्रधान लोहई, सुनील पाल आमखेड़ा युवा जिलाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष महिला सभा श्रीमती रजनी पाल, महासचिव गजराज पाल हरदोई, दशरथ पाल फौजी संगठन सचिव, गजेन्द्र पाल शहपुरा युवा जिला प्रभारी, जिला संरक्षक बुद्धसिंह पाल अमगुवा, एडवोकेट बब्बू पाल पिपरिया कानूनी सलाहकार, वरिष्ठ समाजसेवी शिवराम पाल बघौरा, राधेश्याम पाल अकोढी नगर अध्यक्ष उरई, प्रमोद पाल पत्रकार मौजूद रहे।

# नागराज धाम में 'बिना सवाल' मिल रहा समाधान

## हर सोमवार उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन से एक अलग और दिलचस्प खबर सामने आ रही है, जहां बिना सवाल पूछे ही लोगों की समस्याओं का समाधान बताया जा रहा है। उरई-कोच मार्ग पर मरोड़ा के पहले स्थित नागराज धाम इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि यहां हर सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नागराज मंदिर के पास महाराज सत्या जी, चित्रकूट धाम द्वारा दरबार जैसा आयोजन किया जाता है, जिसमें वे ज्योतिष के आधार पर लोगों की समस्याएं बिना पूछे ही बता देते हैं और उनके समाधान के उपाय भी सुझाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस दरबार में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु अपनी परेशानियों के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। कई श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हें यहां आकर राहत और समाधान मिल रहा है, जिससे उनकी आस्था लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं, महाराज सत्या जी का कहना है कि वे किसी प्रकार के चमत्कार का दावा नहीं करते, बल्कि ज्योतिष विद्या के माध्यम से लोगों की सहायता कर रहे हैं। फिलहाल, नागराज धाम में हर सोमवार को उमड़ रही भीड़ इस बात का संकेत दे रही है कि क्षेत्र में इस स्थान के प्रति लोगों की आस्था और विश्वास तेजी से बढ़ रहा है।

# 18 मतों से जीत कर गयादीन अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हुये चुनाव में 123 मतदाताओं ने वोट डाले

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** शुक्रवार को अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी के अध्यक्ष पद का वार्षिक चुनाव कड़ी एवं चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर सीधे मुकाबले में गयादीन अहिरवार ने 69 मत पाकर 18 वोटों से जीत दर्ज करायी है।

शुक्रवार को सुलह 8 से 2 वजे के अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी के वार्षिक चुनाव के अध्यक्ष पद के चुनाव लिये चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच मतदान कराया गया। अधिवक्ता एसोसिएशन के ीनिर्वाचन अधिकारी जयवीर सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 125 मतदाताओं में से 123 अधूरा गांव के द्वारा मतदान किया गया। मतगणना के द्वारा हो सकती है अवैध घोषित किए गए। गयादीन अहिरवार 69 तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अवधेश सिंह सोलंकी को 69 मत प्राप्त हुए। इस दृष्टिकोण से गयादीन अहिरवार 18 वोटो से विजई घोषित किए गए।



### अन्य सभी पदों पर एक-एक नामांकन होने से निर्विरोध चुने गये

कालपी-उरई।अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष को छोड़कर अन्य सभी पदों पर एक-एक उम्मीदवार के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। परिणाम स्वरूप अन्य सभी पदों पर निर्वाचन हुआ है ?। जिनमें महामंत्री के पद पर मोहम्मद आमीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव,कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए आशुतोष श्रीवास्तव एडवोकेट ने संयुक्त मंत्री पद के लिए दिव्य स्वरूप श्रीवास्तव एडवोकेट गोलू ने, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमर सिंह अहिरवार ने अपने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये थे। जबकि वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर रविंद्र कुमार श्रीवास्तव डब्बू,उदय सिंह यादव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर हेमंत साहू, तरुण गुप्ता, रोहित कुमार द्वारा निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए गए गये थे।1-1 नामांकन दाखिल होने से इन पदों पर निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की गई।विजयी प्रत्याशियों को जीत के प्रमाण पत्र देकर धन्यवाद दिया गया।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

कालपी-उरई।शुक्रवार को मतदान को लेकर दिनभर सरगर्मियों का दौर चलता रहा। प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों के द्वारा मतदाताओं से मुलाकात करके सहयोग मांगते दिखाई दिये।। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने मतदान स्थल का जायजा लिया। कोतवाली के एडिशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना,सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी,ओमकार सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गयी थी।

# नगर में दर्शन करने आए भक्तों के जत्थे का स्वागत किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** काठमांडू नेपाल से भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए जा रहे जत्थे ने नगर में आकर घाटे वाली माता के दर्शन किये। नगर में दर्शन करने आए भक्तों के जत्थे का स्वागत किया गया और उनके चाय नाश्ता के साथ भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। भोजन व प्रसाद ग्रहण करने के बाद जत्था चित्रकूट के लिए रवाना हो गया।

शुक्रवार की सुबह काठमांडू नेपाल से भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए जा रहा जत्था बस द्वारा नगर में स्थापित घाटे वाली माता मंदिर के दर्शन के पहुंचा। मंदिर में दर्शन करने आए दर्शनार्थियों का भक्त तीर्थकर भानू महाजन एवं पूर्व सभासद विजय वर्मा के नेतृत्व में माला पहनाकर कर स्वागत किया। स्वागत के बाद दर्शनार्थियों को चाय नाश्ता कराया गया और उनके विश्राम की व्यवस्था की गई। विश्राम के बाद उन्हें भोजन कराया गया। भोजन करने के 30 भक्तों का जत्था भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए बस द्वारा बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे होते हुए चित्रकूट के लिए रवाना हो गया। तीर्थकर भानू महाजन ने बताया कि जब वह अकेले अंखड भारत यात्रा पर गए थे। तब इन भक्तों से उनकी भेंट हुई थी और उनसे घाटे वाली माता के मंदिर को लेकर चर्चा हुई थी।इसके बाद इन लोगों में घाटे वाली माता मंदिर के दर्शन की इच्छा थी।आज जब उन्हें मौका मिला तो वह दर्शन करने आ गए। मंदिर में दर्शन करने आये भक्तों में नेपाल के पोखरा निवासी मुरारी, विष्णु, गोपाल, भारत, गंगा, कमल, किशन, दीपक, ऋषि, दुर्गा आदि भक्त शामिल थे।

# साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** क्षेत्रीय ग्राम महिया खास में रामजानकी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद को चखा।

महिया खास गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भागवताचार्य पंडित सर्वेश दीक्षित ने श्रृद्धालुओं को भागवत कथा का श्रवण कराया। भागवत कथा के समापन पर आरती की गई साथ ही हवन पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। विश्व के कल्याण और सुख समृद्धि की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शुक्रवार को कथा स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचे और भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारे के आयोजन में मलखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र, हरेंद्र, कालका प्रसाद, विशंभर दयाल, दीनदयाल, बनवारी लाल, दीपेंद्र, बीटू, दीपू, सुंदर सिंह, दुर्गा प्रसाद, राहुल, सुशांत सिंह आदि ने सहयोग किया।

# रेलवे स्टेशन में तत्काल टिकट आरक्षण व्यवस्था वे पटरी

### -ऑटोमेटिक टिकट मशीन वर्षों से खराब

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** विभागीय कर्मचारियों के मनमाने रवैया के कारण रेलवे स्टेशन कालपी में टिकट आरक्षण व्यवस्था की हालत ठीक नहीं चल रही है। तत्काल टिकट आरक्षण की व्यवस्था में यात्रियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।



उल्लेखनीय होगी कालपी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों नागरिक अहमदाबाद, सूरत, मुंबई, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली आदि महानगरों में रोटी रोजी एवं कारोबार के लिए आते-जाते हैं। तथा कारखाने में काम करते हैं जिससे उनको लंबी दूरी के लिए यात्रा करनी पड़ती है। रेलवे स्टेशन कालपी में अब यात्रियों के लिए साधारण टिकट तथा आरक्षण के लिए एक ही टिकट खिड़की है वहीं पर यात्रा के लिए ऐसी व नॉन एसी एस एल, टू एस आदि के टिकटों की रिजर्वेशन होती है। टिकट विंडो में ड्यूटी में तैनात कर्मचारी टिकट आरक्षण के लिए यात्रियों को बराबर परेशान करते हैं। सबसे अधिक ऊपरी लेनदेन का मामला तत्काल आरक्षण व्यवस्था में चलता है। यात्रा की तारीख से 1 दिन पहले एसी के लिए सुबह 10:00 बजे तथा नॉन एसी के लिए 11:00 बजे से तत्काल टिकट शुरू होते हैं। यह सेवा सीमित सीटों के लिए रेलवे काउंटर में उपलब्ध है। बताते हैं कि यात्री अपनी तत्काल आरक्षण की पर्ची को काउंटर में जमा करते हैं। वह कहीं दर्ज नहीं होती हैं। तथा गायब कर दी जाती हैं। जबकि अपने चाहेतो का तत्काल टिकट आरक्षण कर दिया जाता है। जब एक यात्री की पर्ची गायब की गई तो काउंटर में यात्रियों ने नाराजगी जताई। तथा आनन-फानन में सही तरीके से यात्री का तत्काल आरक्षण कराया गया। बदलते हैं कि रेलवे काउंटर के समीप ऑटोमेटिक मशीन को जानबूझकर खराब रखा जाता है। लाखों रुपए की मशीन खराब पड़ी है। जनहित में रेलवे तथा उच्च अधिकारियों से अपेक्षा है कि यात्रियों के टिकट आरक्षण के लिए शीघ्र उचित कदम उठाए जाएं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** दो सप्ताह पूर्व बंगरा मार्ग पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।उपचार के दौरान युवक की ग्वालियर में मौत हो गई।पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर व उसके चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।रेंढर थाना क्षेत्र के ग्राम परावर की मडैया निवासी मंगल सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 24 मई की रात लगभग साढ़े आठ बजे उनका बेटा राहुल बाइक से अकोढ़ी निवासी रिश्तेदार नीलेश के साथ पीछे बैठकर वापस अपने गांव परावर की मडैया आ रहा था।रास्ते में बंगरा रोड पर छहपुला के पास नीलेश लघुशंका के लिए रूक गया।छहपुला के आगे बाइक खड़ी करके वह लघुशंका करने लगा। उनका बेटा राहुल वहीं, बाइक के पास खडा हो गया। तभी बंगरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उनके बेटे को टक्कर मार दी।ट्रैक्टर की टक्कर से राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।वहीं, ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला।राहुल को गंभीर हालत में सीएचसी से उरई फिर ग्वालियर रेफर कर दिया गया।फिर भी डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए, इलाज के दौरान 30 अप्रैल को राहुल की मृत्यु हो गई।पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर व उसके चालक के रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शराब के नशे में महिला के साथ गाली, गलौज व पिटाई की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** गांव में आए व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में महिला के साथ गाली, गलौज व पिटाई किए जाने के मामले में पुसि ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी गंगादेवी ने पुलिस को बताया कि सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़गुवां निवासी धर्मेंद्र कुमार गुरूवार को उनके गांव में आया था।गांव में घूमते समय वह उसके घर के सामने पहुंच गया और गाली, गलौज करते हुए लोगों से अभद्रता करने लगा।जब उसने बाहर आकर मना किया तो उसने उसके साथ भी गाली, गलौज शुरू कर दी।मना करने पर पिटाई कर दी।उसके चिल्लाने पर जब आसपास के लोग आए तो जान से मारने की धमकी देने लगा।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र के खिलाफ कार्रवाई की है।

# अलग अलग स्थानों पर पति द्वारा पत्नी की पिटाई के मामलों मे आरोपियों पर हुई कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन -उरई ।**अलग अलग स्थानों पर पति द्वारा पत्नी की पिटाई किये जाने के मामलों में पुलिस ने आरोपी पतियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी फिरदौस ने पुलिस को बताया कि उनके पति मिस्टर खान एवं मोहल्ला खटीकान निवासी अफसाना ने पुलिस को बताया कि उनके पति यासीन आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद करते रहते हैं। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन उनकी आदतों में सुधार नहीं हो रहा है, उल्टा घरेलू कामकाज को लेकर पिटाई भी शुरू कर दी है। आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह वह घर के काम कर रही थीं तभी पति वहां आए और गाली, गलौज करते हुए पिटाई कर दी। पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मिर्स्टर व यासीन के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# शादी में खाने को लेकर हुए विवाद मे दबंग ने युवक को पीटा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** शादी में खाने को लेकर एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी संजू ने पुलिस को बताया कि उसके गांव में शादी का प्रोग्राम था। जिसमें खाने को लेकर गांव के ही अरविंद कुमार विवाद करने लगे। जब उसने रोकने की कोशिश की तो उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने पिटाई कर दी। जब आसपास के लोगों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसकी सूचना वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है।

# दस वर्ष पुराने चेक बाउंस के मामले में आरोपी को एक वर्ष का कारावास व अर्थदंड की सजा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** दस वर्ष पुराने चेक बाउंस के मामले में मुंसिफ मजिस्ट्रेट ने आरोपी को एक वर्ष का कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई। अधिवक्ता भूपेंद्र लिटोरिया व शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि हापुड़ निवासी किसान संतोष सिंह ने योगेंद्र उर्फ बिट्टू को वर्ष 2016 में मटर की फसल बेची थी। व्यापारी ने किसान को भुगतान के रूप में 5 लाख 22 हजार 727 रुपए का चेक दिया था। दिया गया चौक बाउंस होने पर न्यायालय में वाद दायर किया गया। लंबे समय तक फरार रहने के बाद आरोपी को गिरफ्तारी वारंट के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। मुंसिफ मजिस्ट्रेट जावेद खान के न्यायालय में लगातार सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान पेश किए गए तथ्यों और विधिक तर्कों के आधार पर मुंसिफ मजिस्ट्रेट ने आरोपी योगेंद्र को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी को एक वर्ष के कारावास की सजा के साथ 9 लाख 95 हजार 500 रूपए अर्थ दंड व पीड़ित किसान को मुआवजे के रूप में लगभग 10 लाख रुपये देने का आदेश दिया। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को एक माह की अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# दहेलखंड में 'सरकार आपके द्वार' के तहत ग्रामीण संतृप्तिकरण अभियान चलाया गया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वारा का कार्यक्रम उपजिलाअधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में महेवा विकासखंड के ग्राम दहेलखंड में आयोजित किया गया है। जन चौपाल के माध्यम से विकास कार्यों एवं योजना हित का विभागीय अधिकारियों के द्वारा सत्यापन किया गया।

विद्यालय के परिसर में आयोजित ग्राम संतृप्तीकरण अभियान के दौरान शिक्षा विकास पशुपालन राजस्व समाज कल्याण महिला विकास पंचायत राज कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। चौपाल को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना संतृप्तिकरण में फार्मर रजिस्ट्री धारा 24 के मामलों का चिन्हीकरण, पैमाइश का कार्य, राजस्व वादों का निस्तारण, देवीय आपदा का निस्तारण, अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई, अतिक्रमण मुक्त कराई गई, चिन्हित की गई भूमि पर चकमार्ग, तालाब आदि का कार्य करने का कार्य प्रारंभ, कार्य मोंग, कार्य आवंटन आदि कार्य शामिल है।

# दलित बस्ती में जलनिकासी की व्यवस्था न होने से ग्रामीण परेशान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन -उरई।** अंबेडकर नगर कुठौंद स्थित दलित बस्ती में जलनिकासी की व्यवस्था न होने से ग्रामीण परेशान हैं। परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

ग्रामीण विपिन कुमार, फरियाद, राजा हरिश्चंद्र, आदि ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को ज्ञापन देकर बताया कि जल निकासी की व्यवस्था न होने से पानी गलियों में भरा रहता है। जिससे रास्ते में कीचड़ बना रहता है। बच्चे घरों के बाहर खेल नहीं पाते हैं। गंदा पानी जमा होने से न सिर्फ बदबू आती है बल्कि उसमें मच्छर भी पनप रहे हैं। जिससे संक्रामक रोगों का खतरा है। इस बाबत वह पंचायत स्तर पर कई बापर शिकायत कर चुके हैं। लेकिन हर बार टाल दिया जाता है। वर्षो से समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि अगले माह से बारिश का मौसम शुरू हो जाएगा। ऐसे में परेशाानियां बढ़ाना तय है। क्योंकि अधिक पानी बरसने पर गंदा पानी घरों कें अंदर आ जाता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि बारिश के मौसम से पूर्व मोहल्ले में जल निकासी की व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए ताकि ग्रामीणों को परेशान न होना पड़े। ज्ञापन में पवन, कमलेश, अरूण सोनेलाल, उत्तम, संजीव, सुरेंद्र, कमल, गोलू, विनोद, नरेंद्र, शोभा, संतोष, रामबाबू, जनमेजय, माखन आदि ने भी हस्ताक्षर किए।

# सड़क की ओर लडकी पेडों के डालें छांटने में 5 घण्टे बंद रही विद्युत आपूर्ति

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** शुक्रवार को विद्युत सबस्टेशन उसरगांव केंद्र के 33 केबी हाइटेंशन लाइन लगे हुए पेड़ों की डालों पर बराबर टच हो रहे हैं।ऐसे वृक्ष की डालों का कटान 8 मई शुक्रवार को विभागीय कर्मचारियों द्वारा कराया गया फलस्वरूप 5 घंटे बिजली की सप्लाई ठप्प रही।



विभागीय सूत्रों के मुताबिक उप खंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान के निर्देश पर अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम अभिषेक धीर की देखरेख में सुबह 8 बजे से 1 बजे दोपहर तक गतिशीलता से पेडुकी डाल को हटाया गया। विभाग के मुताबिक हाटेंशन विद्युत लाइनों की तारों में स्पर्श होने वाले पेड़ों की डालों की छंटाई हो जाने के बाद आपूर्ति व्यवस्था में अब व्यवधान नहीं होगा। अब उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली आपूर्ति होती रहेगी।

# सिर्फ वीडियो कॉल से मना करने पर बाउंसर जीजा ने दो सालियों को गोलियों से भूना, मां के सामने तड़पकर तोड़ा दम

( यंग भारत न्यूज )





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का मोवा इलाका मंगलवार की रात गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा। एक सिरफिरे जीजा ने मामूली विवाद के बाद अपनी दो सालियों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी पेशे से बाउंसर है और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस घटना ने पूरे शहर को सन्न कर दिया है।

घटना सुंदरीपारा इलाके की है। आरोपी जितेंद्र वर्मा रात करीब 10:30 बजे अपनी ससुराल पहुंचा। वह अपनी पत्नी खिलेश्वरी और डेढ़ साल की बच्ची से मिलने की जिद करने लगा। जब बड़ी साली गीतांजली उर्फ जया ने उससे कहा कि 'खिलेश्वरी का मोबाइल बंद है, वीडियो कॉल नहीं हो पाएगा, तुम सुबह आना', तो जितेंद्र आगबबूला हो गया। चश्मदीद मां सावित्री वर्मा के मुताबिक, जितेंद्र ने जेब से गोलियां निकालकर जमीन पर बिखेर दीं और चिल्लाते हुए कहा– 'आज सबको खत्म कर दूंगा।' सावित्री वर्मा ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि जितेंद्र ने पहले गीतांजली के सिर और पेट में दो गोलियां मारीं। गीतांजली वहीं लहूलुहान होकर गिर पड़ी। शोर सुनकर जब छोटी बेटी दुर्गेश्वरी छत से नीचे भागी, तो वह जैसे ही दरवाजे पर पहुंची, जितेंद्र ने उस पर भी निशाना साध दिया। दुर्गेश्वरी के सिर में गोली लगते ही वह दरवाजे पर ही ढेर हो गई। मां पागलों की तरह पड़ोसियों को मदद के लिए पुकारती रही, लेकिन जब तक लोग जुटते, आरोपी फरार हो चुका था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी जितेंद्र वर्मा काफी समय से अपनी पत्नी खिलेश्वरी को प्रताड़ित कर रहा था। खिलेश्वरी डर के मारे अपनी बहन के घर छिपी हुई थी। जितेंद्र पूरी तैयारी के साथ आया था; उसके पास लाइसेंसी पिस्टल और दो भरी हुई मैग्जीन थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एक्सरे में पता चला है कि उसने बेहद करीब से वाइटल ऑर्गन्स (सिर और पेट) पर वार किया ताकि बचने की कोई गुंजाइश न रहे। डीसीपी नॉर्थ मयंक गुर्जर ने बताया कि आरोपी भागने की फिराक में था, लेकिन एक सतर्क सिपाही ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे दबोच लिया। हैरान करने वाली बात यह है कि एक मां के सामने उसकी दो बेटियों को मौत के घाट उतारने वाले जितेंद्र के चेहरे पर गिरफ्तारी के बाद भी कोई शिकन या पछतावा नजर नहीं आया। पत्नी खिलेश्वरी ने बताया कि वह पहले भी दो बार उस पर बंदूक तान चुका था। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद कर लिए हैं। मृतकाओं के शवों का पोस्टमार्टम अंबेडकर अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष टीम द्वारा किया गया। आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश करने की तैयारी है।

# कानपुर में 146 करोड़ का महाघोटाला: 'पप्पू छुरी' गिरफ्तार

## मजदूरों के पैन कार्ड से चलता था फर्जी कंपनियों का काला साम्राज्य

( यंग भारत न्यूज )



**कानपुर।** प्रदेश की औद्योगिक राजधानी कानपुर में पुलिस ने वित्तीय धोखाधड़ी के एक ऐसे सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार कई राज्यों से जुड़े हैं। कानपुर नगर कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार को जाजमऊ इलाके से इस रैकेट के मास्टरमाइंड महफूज अली उर्फ 'पप्पू छुरी' को दबोच लिया है।

महफूज पर फर्जी कंपनियां बनाकर 146 करोड़ रुपये के अवैध लेनदेन और बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का आरोप है। पुलिस की तफ्तीश में जो तरीका सामने आया है, वह बेहद चौंकाने वाला है। यह गैंग कम पढ़े-लिखे मजदूरों को छोटे-मोटे प्रलोभन देकर उनके पैन कार्ड और आधार जैसे दस्तावेज हासिल कर लेता था। इन दस्तावेजों के आधार पर 'अफीसा एंटरप्राइजेज' जैसी फर्जी (शेल) कंपनियां रजिस्टर कराई जाती थीं। चकेरी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त जांच में खुलासा हुआ कि महफूज ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर करीब 68 बैंक खाते खुलवा रखे थे, जिनका इस्तेमाल हवाला और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा रहा था। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस रैकेट का सबसे ज्यादा उपयोग स्क्रैप (कबाड़) और बूचड़खाने के कारोबार से जुड़े बड़े व्यापारी कर रहे थे। महफूज इन फर्जी बैंक खातों में करोड़ों रुपये मंगवाता था और फिर कैश निकालकर अपना मोटा कमीशन काटकर व्यापारियों को वापस लौटा देता था। इस प्रक्रिया के जरिए त्रस्ज्ञ चोरी और इनकम टैक्स फ्रॉड को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस ने इस पूरे सिंडिकेट के पीछे एक वकील फिरोज खान की पहचान की है, जो फिलहाल फरार है। फिरोज ही वह व्यक्ति है जो इन फर्जी फर्मों के लिए त्रस्ज्ञ रजिस्ट्रेशन से लेकर तमाम कानूनी कागजात तैयार करवाता था। पुलिस अब फिरोज और उसके अन्य साथियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपी महफूज अली का पुराना आपराधिक इतिहास भी है और उसके खिलाफ पहले से ही आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। इस घोटाले की गूंज केवल कानपुर या यूपी तक सीमित नहीं है। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह के तार दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल तक फैले हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्रस्ज्ञ और आयकर विभाग की टीमें भी पुलिस के साथ तालमेल बिठाकर जांच कर रही हैं। पुलिस ने अब उन सभी व्यापारियों और लाभार्थियों को नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है, जिन्होंने इस फर्जीवाड़े का इस्तेमाल किया, जिनमें ताहिर, अजमेरी और रुस्तम जैसे नाम प्रमुखता से सामने आए हैं।

# बाप दूसरा ब्याह कर लाया तो बेटे का मन डोला, सौतेली मां के साथ किया दरिंदगी

( यंग भारत न्यूज )



**नागपुर।** नागपुर में इंसानियत और रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करने वाली घटना सामने आयी है. यहां एक बेटे ने अपनी ही सौतेली मां संग कई बार दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हो गयी.मामला नागपुर के मानकापुर थाना अंतर्गत का है जहां एक 26 साल की महिला ने अपने ही सौतेले बेटे पर जान से मारने की धमकी देकर बार-बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का गंभीर आरोप लगाया है. जब मामला सामने आया तो पीड़िता चार माह की गर्भवती हो चुकी थी.

पीड़िता के अनुसार, साल 2024 में उसकी मुलाकात 55 साल के विकास श्रीवास्तव नामक एक व्यक्ति से हुई, जो एक प्राइवेट बैंक में मैनेजर है. आरोप है कि श्रीवास्तव ने उसे नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे नजदीकियां बढ़ाई. बाद में दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए और उन्होंने मंदिर में जाकर शादी कर ली. शादी के बाद पीड़िता अक्षत से मिली. 21 साल का अक्षत विकास की पहली पत्नी की बेटा है, जो फिलहाल एक जाने माने कॉलेज में सेकंड ईयर का छात्र है. उसने आगे बताया कि मंदिर में रचाई गई शादी के कुछ ही दिनों बाद पति-पत्नी के बीच घरेलू झगड़े शुरू हो गए, जिसकी शिकायत पुलिस में भी हुई थी. इसके बाद नवंबर 2025 और फिर 10 अप्रैल 2026 को जब वह घर में अकेली थी, तो उसका सौतेला बेटा अक्षत उसके कमरे में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता के अनुसार, जब उसने यह आपबीती अपने पति को बताई, तो हैरान करने वाली बात सामने आई. पति ने उसे चुप रहने की नसीहत देते हुए कहा कि इस मामले से परिवार में बदनामी होगी और उसके बेटे का भविष्य खराब हो जाएगा. पति की बातों से तंग आकर और अपने साथ हुए जुल्म के खिलाफ उसने हिम्मत जुटाई और मानकापुर थाने पहुंची. पुलिस ने उसकी शिकायत पर सौतेले बेटे के खिलाफ दुष्कर्म की संबंधित धाराओं के मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में जुट गई है.

# चंपावत : शादी से लापता किशोरी कमरे में नग्न हालत में मिली

## बीजेपी नेता और अग्निवीर पर लगे गैंगरेप के आरोप, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )



**उत्तराखण्ड।** उत्तराखंड के चंपावत जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आई है. यहां तीन युवकों पर एक 16 साल की नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगा है, जिसमें दो बीजेपी कार्यकर्ता और एक अग्निवीर शामिल बताए जा रहे हैं. पीड़िता के पिता का कहना है कि आरोपी बच्ची को अपने साथ एक शादी में लेकर गया था. यहां चाकू की नोंक पर उसके साथ जबरन तीन लोगों ने बारी बारी से गैंगरेप किया. पिता ने बताया कि बेटी के लापता होने के बाद जब उसकी तलाश की गई तो अगले दिन वो नग्न अवस्था में एक कमरे में मिली. अब पिता ने इस मामले में इन 3 लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

वहीं, इस मामले की जानकारी देते हुए चंपावत की एसपी रेखा यादव ने बताया कि पीड़िता शहर से करीब 20 किमी दूर में एक शादी में गई थी और वहां से घर नहीं लौटी. 7 मई 2026 को पुलिस को 112 नंबर पर छात्रा की गुमशुदगी की सूचना मिली. पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाकर छात्रा को एक कमरे से बरामद किया. मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है और पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है. हलांकि, अग्निवीर के पिता का कहना है क उनके बेटे इस मामले में राजनैतिक रंजिश के तहत फंसाया जा रहा है. पिता की शिकायत के मुताबिक, परिवार की आर्थिक तंगी और पिता की बीमारी के कारण छात्रा चंपावत की एक दुकान में आइसक्रीम स्टॉल पर काम करती थी. 5 मई 2026 की शाम को जब वो घर नहीं पहुंची तो पिता ने खोजबीन शुरू की. उन्हें पता चला कि विनोद सिंह रावत उर्फ बबलू नाम का युवक उसे दोपहर में पास के गांव में लेकर गया है. पिता ने बताया कि विनोद पिछले कुछ समय से उनकी बेटी से बातचीत करता था. बतौर पिता देर रात तक जब बेटी वापस नहीं आई तो उन्होंने उसे कॉल लगाया, लेकिन उसका फोन नहीं लगा. उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्हें रात में करीब 1 बजकर 28 मिनट पर बेटी का कॉल आया. लेकिन कुछ ही सेकंड बात होने के बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया. पिता ने बताया कि इसके बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की खोजबीन शुरू की. करीब सुबह 4 बजे उनकी बेटी एक कमरे मे बंधी और नग्न हालत मे मिली. पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि विनोद सिंह रावत नवीन सिंह और पूर्व प्रधान एस सिंह रावत ने मिलकर उनकी बेटी के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया. पिता ने कहा कि आरोपियों के पास चाकू जैसे धारदार हथियार थे जिन्हें उन्होंने उसकी बेटी के गले पर रखकर उसे डराया. पिता के मुताबिक इसके वारदात के बाद आरोपियों ने उसे नग्न अवस्था में रस्सी से बांधकर कमरे में ताला लगाकर बंद कर दिया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी. अब पीड़िता के पिता ने थानाध्यक्ष से निवेदन किया है की इस मामले में पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपीयों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए. वहीं इस मामले में उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सरकार और पुलिस को कटघरे में खड़ा किया है. उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस राजनीतिक कार्यों में व्यस्त है. उन्होंने कहा कि आरोपियों के बीजेपी से जुड़े होने के कारण इतने संवेदनशील मामले में एफआईआर लिखने में देरी की गई. गोदियाल ने कहा कि घटना मुख्यमंत्री के अपने विधानसभा क्षेत्र में हुई है इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. जानकारी के अनुसार, तीनों आरोपियों में से एक अग्निवीर है और दो अन्य बीजेपी कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं. हालांकि एक आरोपी के पिता ने अपने बेटे का बचाव करते हुए इसे राजनीतिक रंजिश करार दिया है. फिलहाल तीनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं और पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है. पिता ने मांग की है कि आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए.

# मेरा पति नामर्द रोज रात- शादी के बाद सिर्फ 2 बार बनाए संबंध रूम के अंदर' का खोला राज

( यंग भारत न्यूज )



**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के मुजफ्फरनगर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस केस में अनुज शर्मा की पत्नी पिंकी पर अपने पति को कॉफी में जहर देने का आरोप लगा है। लेकिन अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है।

पिंकी ने एक वीडियो के जरिए अपना पक्ष रखा और अनुज पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरा पति नामर्द है वह रोज रात को सो जाता है। पिंकी का कहना है कि उसकी शादी अनुज शर्मा से 19 फरवरी 2023 को हुई थी और अब तक दो साल बीत चुके हैं। इस दौरान अनुज ने सिर्फ दो बार ही शारीरिक संबंध बनाए। पिंकी ने बताया कि अनुज हर रात अपनी मां के साथ जाकर सोते थे और जब वह संबंध बनाने की बात कहती थी तो अनुज मना कर देते थे। पिंकी पर अपने पति को जहर देने का आरोप लगा है लेकिन उसने इसे साजिश बताया। उसने बताया कि अनुज खुद दूध की थैली और कॉफी का पाउच लेकर आए थे, जो उसके रूम में बैड पर रखा था। उसने दो कॉफी बनाई, एक अनुज को दी और दूसरी खुद पी। कॉफी गर्म थी इसलिए वह बर्तन धोने चली गई। कुछ देर बाद अनुज बाहर निकल गए और रात 11:30 बजे पुलिस ने पिंकी के घर पर दस्तक दी। पुलिस ने उससे पूछा कि उसने अपने पति को जहर क्यों दिया? इस पर पिंकी ने जवाब दिया कि अनुज कॉफी पीकर अपने भाई शाहरुख के पास दवा लेने गए थे क्योंकि उनका बीपी हाई था। पिंकी ने दावा किया कि अनुज ने उसे फंसाने के लिए यह साजिश रची है। उसने यह भी कहा कि अनुज ने कभी पहले कॉफी नहीं पी थी, लेकिन उस दिन उसने खुद कॉफी बनाने को कहा। पिंकी ने पुलिस से अपनी बेगुनाही की गुहार लगाई और अनुज पर कई गंभीर आरोप लगाए।

# पति और प्रेमी के बीच खींचतान! लिव इन पार्टनर के साथ रह रही 3 बच्चों की मां के लिए कुरुक्षेत्र में 'महाभारत', पुलिस से शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**हरियाणा।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र के शाहाबाद के गांव रावा में लिव-इन पार्टनर महिला को लेकर विवाद का मामला सामने आया है. गांव रावा के युवक ने उसकी लिव-इन पार्टनर और उसके दो बच्चों को जबरन घर से उठाकर (किडनैपिंग) ले जाने का आरोप लगाया.साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई. मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दी गई है.

शिकायत में गांव रावा निवासी सोनू ने बताया कि उसकी लिव-इन पार्टनर की शादी करीब 15 साल पहले इस्माइलाबाद के नायब सिंह के साथ हुई थी. दोनों के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल है. करीब 6 महीने पहले उसकी और रेखा की जान-पहचान थी. इस दौरान दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे थे. इसके बाद उसकी पार्टनर अपनी मर्जी से अपने पति का घर छोड़कर उसके साथ आ गई. बाद में वे दोनों अपने गांव रावा में आकर रहने लगे. पिछले महीने 7 अप्रैल उसने पिहोवा कोर्ट में जाकर लिव-इन रिलेशन का इकरारनामा भी करवाया था. यह दस्तावेज नोटरी के माध्यम से रजिस्टर कराया गया था. कुछ दिन पहले उसकी पार्टनर के पति और उसके परिवार की ओर से थाना इस्माइलाबाद में शिकायत दी गई थी. पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर गई, जहां सोनू उसने अपने दस्तावेज पेश किए. साथ ही उसकी पार्टनर ने फिर से मेरे साथ रहने की बात कही. तब उसके पहले पति और उसके परिवार ने फैसले पर सहमति जताई. चार मई को फिर से उसका पहला पति गांव में पंचायत लेकर आ गया. पंचायत में उसने अपने तीनों बच्चे उनको पास छोड़ने की बात रखी, जिस पर वे दोनों राजी हो गए. उसका पहला पति अपने तीनों बच्चों को उनके पास छोड़कर चला गया. उसने तीनों बच्चों को अपने साथ रखने के लिए सहमति जता दी. सोनू ने आरोप लगाया कि इस घटना के 2 दिन बाद उसकी पार्टनर का पति, परिवार और कुछ लोग आए और घर की महिलाओं के साथ झगड़ा किया. आरोपी उसकी पार्टनर और दो बच्चों को जबरन अपने साथ ले गए, जबकि तीसरे बच्चे को वहीं छोड़ दिया, जिसकी मानसिक हालत ठीक नहीं बताई गई है. सोनू ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी गर्भवती भाभी के साथ भी मार पिटाई की. जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि अगर दोबारा उसकी पत्नी और बच्चों को वापस लाने की कोशिश की गई तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे. साथ ही उसके खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाकर उसे फंसाने की भी बात कही गई.

# रात 12 बजे ससुराल में सभी न्यूड हो गए. कानपुर के बड़े परिवार में बहू ने शादी की पहली रात जो-जो देखा, डर कर सहम गई..

( यंग भारत न्यूज )



बड़े कारोबारियों में विनीत मिश्रा का नाम आता है. वह सर्राफा कारोबारी हैं. मगर अब विनीत शर्मा और उनका परिवार विवादों में आ गया है. 2 साल पहले विनीत शर्मा ने अपने बेटे कौतुक मिश्रा की शादी कानपुर के ही एक बड़े परिवार की बेटी से की.

उस दौरान काफी भव्यता के साथ ये शादी हुई. लड़की पक्ष ने ही 5 करोड़ रुपये शादी में लगा दिए. विनीत शर्मा ने भी करोड़ों रुपये बेटे की शादी में खर्च किए. मगर अब युवती ने ही ससुर विनीत शर्मा, पति कौतुक और सास के खिलाफ सनसनीखेज आरोप लगा दिए हैं. आरोप भी ऐसे हैं, जिसे सुन हर कोई सकते में आ गया है. लड़की का कहना है कि शादी के बाद जब वह बहू बनकर घर में आई तो रात 12 बजे उसे उसकी सास ने उसे जगा दिया. फिर वहां तंत्र-मंत्र की पूजा हुई. मगर इस दौरान जो हुआ, उसने उसे हिला कर रख दिया. लड़की का आरोप है कि उस पूजा के दौरान परिवार के सभी लोगों ने अपने कपड़े उतार दिए. सभी नग्न हो गए. यहां तक की उसके पति ने भी जबरन उसके कपड़े उतार डाले. फिर सभी बिना कपड़ों के ही तंत्र-मंत्र की पूजा में बैठे गए. लड़की का आरोप है कि उसके ससुर एक कमरे में चले गए. उसके पति ने उससे कहा कि वह भी उस कमरे में जाए. इस दौरान किसी के भी शरीर पर कपड़े नहीं थे. ये सब उसके लिए काफी अजीब और डरा देने वाला था. उसे जबरन ससुर के कमरे में भेजा गया. जब वह कमरे में गई तो कमरा बाहर से बंद कर दिया गया. फिर ससुर ने अपनी ही बहू यानी उसके पूरे शरीर पर राख लगानी शुरू कर दी. लड़की का कहना है कि शादी के बाद रात के 12 बजे उसकी सास आई. सास ने बताया कि वह कोलकाता से संबंध रखती है. वह तंत्र-मंत्र करती है. इसी वजह से इस परिवार में काफी धन और संपत्ति है. ये सब इस तंत्र-मंत्र की पूजा का ही असर है. ऐसे में उसे भी इस पूजा में शामिल होना होगा. उस समय तक युवती को नहीं पता था कि ये तंत्र-मंत्र की पूजा किस तरह की है. जब उसने देखा कि परिवार के सभी लोग अपने कपड़े उतारने लगे तो वह अंदर से हिल गई. युवती का कहना है कि उसके सामने ही उसके पति, ससुर और देवर तक ने अपने कपड़े उतार दिए. सभी लोग अपने कपड़े उतारने लगे. ये देख वह हैरान रह गई. उसने इसका विरोध भी किया. मगर पति के आगे उसकी एक नहीं चली. सभी लोग नग्न होकर तंत्र-मंत्र की पूजा में बैठ गए. युवती का कहना है कि उससे ये सब बर्दाश्त नहीं हुआ. विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई. फिर उसने अपनी मां को सारी आपबीती बताई. उसका भाई उसे लेने फौरन ससुराल आ गया और उसे लेकर मायके चला गया. युवती का कहना है कि ससुराल वालों ने अपने राजनीतिक संबंधों का फायदा उठाया और मामले को दबाने की कोशिश हुई. मगर उसके पिता भी पीछे नहीं हटे. अब पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. बताया जा रहा है कि मामले को सुलझाने के लिए कई महीनों तक दोनों पक्षों में समझौता करवाने की कोशिश भी की गई. मगर मामला सुलझ नहीं पाया. युवती की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में उसके सास-ससुर, पति के साथ-साथ उसके देवर के खिलाफ 6 धाराओं में केस दर्ज किया है. फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है. ये मामला कानपुर क्षेत्र में चर्चाओं में बना हुआ है. कानपुर के 2 बड़े परिवारों के बीच हो रहे इस विवाद ने हर किसी को चौंकाया है. एसीपी आशुतोष सिंह का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है. जांच के हिसाब से ही एक्शन लिया जाएगा. फिलहाल आरोपी पक्ष की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है. जब हमारे रिपोर्ट ने उनसे बात करने की कोशिश की तो बताया गया कि वह लोग बाहर गए हुए हैं और दुकान भी बंद है.

# झांसी में कॉन्स्टेबल की लिव इन पार्टनर चला रही थी सट्टा का कारोबार, 1.46 करोड़ का सोना और 11 लाख की चांदी बरामद



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** : सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. आलीशान कॉलोनी में चल रहे एक बड़े गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है. मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है. इनमें से एक महिला झांसी में तैनात रहे एक पुलिसकर्मी की लिव इन पार्टनर है. मौके से 1 करोड़ 46 लाख रुपए का सोना, 11 लाख रुपए की चांदी और लगभग 19 लाख रुपए कैश बरामद हुआ है. एसएसपी ने सिपाही को बर्खास्त कर दिया है.

एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया, ऑपरेशन 720 के तहत ऑनलाइन सट्टा कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. बीते रोज मुखबिर की सूचना पर सीपरी बाजार थाना क्षेत्र में बिहारी तिराहा के पास सामने स्थित एक पॉश कॉलोनी में सीपरी बाजार, महिला थाना व स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा. एक बिल्डिंग के तीसरे मंजिल पर बने एक फ्लैट में मौजूद दो महिलाओं को हिरासत में लिया. महिलाओं ने पूछताछ में अपने नाम प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित शास्त्री नगर निवासी निशा खान व कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित छनियापुरा निवासी यशस्वी द्विवेदी बताए. निशा खान ने बताया कि यह फ्लैट सुमित साहू और आशीष ने किराए पर लिया है. यहां से ऑनलाइन सट्टा का संचालन होता है. इसमें स्वॉट टीम का पूर्व सिपाही रजत कुमार भी शामिल है. निशा ने बताया कि वह सुमित साहू के इस सेंटर की केयर टेकर है. वहीं दूसरी महिला यशस्वी ने बताया कि वह सिपाही रजत की दोस्त है. एसएसपी ने बताया, मौके पर मिला सारा सामान पुलिसकर्मी रजत कुमार का था. आरोपी यशस्वी द्विवेदी लगभग एक साल से रजत के साथ इस फ्लैट में रह रही थी. रजत ने उसे एक मंगल सूत्र भी दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया है. इस काम में सुमित साहू, विशेष भार्गव, प्रभात अग्रवाल भी शामिल हैं. पूर्व में गिरफ्तार हो चुका भाजपा नेता आशीष उपाध्याय भी इस काम में संलिप्त था. फ्लैट के अन्दर रखे सेंट्रल टेबिल पर एक आसमानी रंग का ट्रॉली बैग मिला था, उसे चेक किया तो उसमें भारी मात्रा में 100, 200 व 500 रुपए के नोट के बंडल, सोने-चांदी के बिस्किट व जेवर बरामद हुए. बरामद नोट 18.92 लाख रुपए, 939 ग्राम सोना (अनुमानित कीमत लगभग 1.46 करोड़ रुपए), 4 किलोग्राम चांदी की 9 ईंट (अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपए) है. इनके अलावा 12 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनमें सट्टा की आइडी व वेबसाइट पाई गई है. एक रजिस्टर व लैपटॉप भी मिला है, जिनमें सट्टे से सम्बन्धित लेनदेन व कुछ लोगों के नाम हैं.

# बूथ समिति की बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह के निर्देशन में लगातार जिले से लेकर बूथ तक की समितियां का गठन किया जा रहा है उन्हीं के निर्देशन में आज 08/05/2026 को वार्ड नंबर 31 लहरगिर्द द्वितीय में सभासद रितिका तिवारी के आवास पर बूथ समिति की बैठक हुई। जिसमें नव निर्वाचित वार्ड अध्यक्ष गौरव तिवारी और अरविंद गाडगे ने संयुक्त रूप से पार्टी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए नए ऊर्जावान बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति की और उनकी बूथ समिति का गठन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनीत खटीक जी जिला मंत्री अतिथि के रूप में कैट के महानगर अध्यक्ष और वार्ड प्रवासी विवेक बाजपेई और सीपरी मंडल के महामंत्री चित्रांक द्विवेदी और क्षेत्रीय पार्षद रितिका तिवारी तथा नव निर्वाचित बूथों के अध्यक्ष महावीर शरण वशिष्ठ, अशोक शर्मा, इंदिरा चतुर्वेदी,चंद्रभान कुशवाहा,मनोज साहू,अंकित करोसिया, श्वेतांक बादल,हंसराज काकोरिया, कृष्णा तिवारी और मन की बात के प्रमुख कमल श्रीवास्तव मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विनीत खटीक द्वारा वार्ड अध्यक्षों को बूथ सशक्त और मजबूत करने का निर्देश दिया गया।

वार्ड नंबर 31 प्रवासी विवेक बाजपेई द्वारा प्रदेश द्वारा पार्टी के कार्यों को समय पर पूर्ण निष्ठा से कार्य करने को कहा। मंडल महामंत्री चित्रांक द्विवेदी जी ने प्रत्येक बूथ पर जाकर वरिष्ठ जन और मातृशक्ति के साथ बूथ को मजबूत करने को कहा। क्षेत्रीय पार्षद रितिका तिवारी ने बूथ ही चुनाव की रीढ़ की हड्डी होती है इसलिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की बात कही। नव निर्वाचित वार्ड अध्यक्ष गौरव तिवारी व अरविंद गाडगे जी ने अपने-अपने कार्यों को बांटकर बूथ अध्यक्षों को बूथ मजबूत करने का मंत्र दिया और उनके कार्यों को समझाया। सभी मुख्य अतिथि अतिथियों ,क्षेत्रीय पार्षद,नव निर्वाचित वार्ड अध्यक्ष,सभी बूथ अध्यक्षों को पट्टिका और मिष्ठान के साथ पार्टी के आगामी आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी के विजय रथ को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉकवार होगी सदस्यता

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संघर्ष समिति (महिला) के जिला के पदाधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। महिला संघर्ष समिति संघ के महत्वपूर्ण घटक के तौर पर कार्य कर रही है। शिक्षिकाओं से उनकी समस्याओं को सुनकर उसके निदान के लिए प्रयासरत है। इसमें जागृति पाठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी समाधियां और संगीता राजपूत को मनोनीत किया गया। संयुक्त मंत्री प्रियदर्शनी पाण्डेय बनाई गईं। संगठन मंत्री के पद पर वसुधा त्रिपाठी, लक्ष्मी देवी, रचना गुप्ता एवं सीमा शर्मा मनोनीत की गईं। मैराज खान को उप मंत्री और रूपेश लहारिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित और मंत्री मृत्युंजय सिंह ने संघर्ष समिति (महिला) की जिलाध्यक्ष छाया निरंजन के प्रस्ताव पर पदाधिकारियों को मनोनीत किया।

उनसे संवैधानिक मान्यताओं के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया गया। संगठन के प्रति अपने दायित्व को समझते हुए प्रशासनिक / विभागीय अधिकारियों से संवाद स्थापित करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षशील रहने के लिए कहा गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्यता अभियान पर प्रकाश डाला गया। बताया कि प्रांतीय आह्वान पर समस्त ब्लॉक अध्यक्ष और मंत्री को रशीद देकर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए विकास खण्ड स्तर पर सम्पर्क स्थापित करते हुए अधिकाधिक शिक्षकों को जोड़ने के लिए कहा गया। इस दौरान भारत भूषण राय, उमाशंकर शर्मा, देवेश शर्मा,शिवकुमार पाराशर, उमेश बबेले,जितेन्द्र त्रिपाठी, विपिन कुमार सिंह, मोहित मिश्रा, आदित्य निरंजन, अविनाश गोस्वामी, रविन्द्र पटेल, अजय सिंह, अमर सिंह पाल, उमेश पाराशर, अब्दुल नोमान, अरुण निरंजन, डॉ. अनिरुद्ध रावत, माधव मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, अरविन्द दीक्षित, मुकेश तिवारी, जगदीश प्रसाद, राजेश त्रिपाठी, मधु पासी, संजीव अरजरिया, कैलाश चन्द्र वैश्य, प्रीति मिश्रा, चन्दा देवी, स्वाति शर्मा, कल्पना सिंह, संध्या सिंह, राजकुमार झा आदि मौजूद रहे।

- **अधिकाधिक शिक्षकों को जोड़ने का लक्ष्य**
- **जिला संघर्ष समिति (महिला) के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान**

# ग्राम दुरेड़ी (बांदा) में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )





**बांदा** मथुरा वृंदावन आश्रम बरसाने से आए कथावाचक लखनलाल दीक्षित ने बताया कि श्रीकृष्ण की भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, प्रेम, भक्ति और सत्य का संदेश देती है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र और लीलाओं का सुंदर वर्णन मिलता है। यह कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है।

भागवत कथा में श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर बाल लीलाएँ, गोपियों के साथ रासलीला, कंस वध, मथुरा और द्वारका की घटनाओं का वर्णन किया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन से यह शिक्षा दी कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए सदैव आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्रेम, करुणा और सेवा को जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताया।

कथा के माध्यम से भक्तों को यह संदेश मिलता है कि मनुष्य को मोह, अहंकार और लोभ का त्याग कर ईश्वर की भक्ति में मन लगाना चाहिए। श्रीकृष्ण कहते हैं कि जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है, उसके सभी दुख दूर हो जाते हैं। भागवत कथा सुनने से मन को शांति, जीवन में सकारात्मकता और आत्मिक सुख प्राप्त होता है। आज के समय में भी श्रीकृष्ण की शिक्षाएँ उतनी ही प्रासंगिक हैं। उनका उपदेश हमें प्रेम, भाईचारे और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि भागवत कथा को श्रद्धा और भक्ति के साथ सुना जाता है। व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक लखनलाल दीक्षित की कथा सुनकर पूरे ग्रामवासी बड़े खुश आनंदित नजर आते हैं वही जजमान बने वीरेंद्र पाल और संगीता पाल कथा का सेवन कर रहे हैं साथ में पूरे क्षेत्र के लोग प्रतिदिन कथा का सेवन करने आते हैं दिनांक 11 को भंडारा का आयोजन कालका माता मंदिर से किया जाना सुनिश्चित हुआ है

# सपा की साख के लिए जो जीप के आगे लेटा, अब उसी 'जांबाज' ने तिंदवारी से ठोकी दावेदारी

## चित्रकूट मंडल के इकलौते 'हैट्रिक' राष्ट्रीय सचिव अजय चौहान की दावेदारी से तिंदवारी में बढ़ी सियासी हलचल

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के भीतर टिकट की रस्साकशी तेज हो गई है। तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता अजय चौहान 'दादा' ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर अपनी दावेदारी पेश कर दी। ग्राम सिंधनकलां निवासी अजय चौहान ने अपने पिता की जनसेवा की विरासत और पिछले 15 वर्षों के कड़े राजनीतिक संघर्ष को आधार बनाकर नेतृत्व से अवसर मांगा है।

### 2011 से निष्ठा: विपक्ष की राजनीति में झेले जेल और मुकदमे

अजय चौहान 'दादा' की पहचान सपा के एक ऐसे समर्पित सिपाही की है जो वर्ष 2011 से लगातार सक्रिय हैं। 2012 के चुनाव में सरकार बनाने के लिए जमीन तैयार करने से लेकर 2017 के बाद विपक्ष में रहकर संघर्ष करने तक, दादा ने हर मोर्चे पर पार्टी का झंडा बुलंद रखा। इस दौरान उन्होंने न केवल मुकदमे झेले, बल्कि कई बार जेल की सलाखों के पीछे भी रहे। उनकी यही अटूट निष्ठा उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बनाती है।



### मंडल के इकलौते नेता, जिन्होंने लगाई राष्ट्रीय सचिव की 'हैट्रिक'

अजय चौहान के पक्ष में सबसे मजबूत कड़ी उनकी संगठनात्मक पकड़ है। वे समूचे चित्रकूट मंडल के इकलौते ऐसे नेता हैं जिन्हें 2019 से अब तक लगातार तीन बार पार्टी के युथ ब्रिगेड में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह पाने में कामयाब रहे है। वर्तमान में वे समाजवादी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव हैं। पार्टी आलाकमान का उन पर यह अटूट भरोसा उनकी राजनीतिक उपयोगिता को साबित करता है।

जब कोतवाल की जीप के आगे लेट गए थे 'दादा'

कार्यकर्ताओं के बीच दादा अपनी जुझारू छवि के लिए जाने जाते हैं। 2022 चुनाव से पूर्व किसान आंदोलन के दौरान जब पुलिस ने जेएमके मैरिज हॉल के बाहर घेराबंदी कर ट्रैक्टर रैली को रोकना चाहा, तब अजय चौहान अपनी जान की परवाह किए बिना तत्कालीन शहर कोतवाल की जीप के आगे लेट गए थे। उनके इस अदम्य साहस के कारण पुलिस उलझी रही और पार्टी के अन्य नेता ट्रैक्टर रैली निकालने में सफल रहे। इस घटना ने उन्हें सपा के 'संकटमोचक' के रूप में पहचान दिलाई।

### ठाकुर समीकरणों के बीच युवा कार्ड की चर्चा

तिंदवारी में ठाकुर मतदाताओं की निर्णायक भूमिका है। अजय चौहान एक निष्ठावान और निर्विवाद युवा चेहरे के रूप में उभर रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अनुभव को तरजीह देते हैं या फिर 2011 से लगातार लाठियां खाकर संघर्षों से तपे इस युवा चेहरे पर दांव लगाते हैं।

# स्वस्थ रहें,निरोगी रहें कार्यक्रम में टूथ पेस्टों का किया वितरण

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** शासन की स्वस्थ रहें,स्वच्छ रहें कार्यक्रम के अंतर्गत खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग में प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी के देखरेख में विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर द्वारा छात्राओं को ब्रुश एवं टूथ पेस्टों का नि:शुल्क वितरण किया गया।

उन्होंने बच्चों से कहा कि शासन द्वारा जो टूथ पेस्ट वितरित किये गए,आप दोनों समय दांतों को साफ रखें एवं दांतों में होने वाले रोगों से छुटकारा पाएं। संचालन बालिका विभाग के प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता ने किया। इस मौके पर प्रवक्ता डॉ विवेक कुमार मुद्गल, राजेश चंद्र,राजेन्द्र प्रसाद,सुनील व्यास,प्रदीप कुमार स्वर्णकार, ऋतु सिंह बुंदेला,राजबहादुर सिंह, सरजू शरण पाठक,अमित प्रताप भदौरिया, संजय दोन्दे रिया,राकेश व्यास,अशोक आर्या,सौरभ अग्रवाल,राम सेवक गौतम,दीपा गुप्ता, रजनी यादव,विवेक गुप्ता,खुशबू जैन,कौशलेश मिश्रा,रवि सेन,राहुल पटेल,समता पांचाल आदि उपस्थित रहे।

# ठाकुर विपिन सिंह बने बसपा के जिला उपाध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती जी के निर्देश पर मुख्य मंडल प्रभारी झांसी मंडल चित्रकूट मंडल अखिलेश अंबेडकर जी व लालाराम अहिरवार जी की सस्तुति पर जिला कमेटी व विधानसभा कमेटी में निम्न लोगों को लगाया गया है।

जिला उपाध्यक्ष ---- ठाकुर विपिन सिंह
जिला महासचिव --- लक्ष्मी नारायण राजपूत
222 बबीना क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष---- छोटेलाल अहिरवार
223 झांसी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष---- चंद्रशेखर पवया
इस आशय की जानकारी जिला अध्यक्ष बी डी फुले ने दी



# बुंदेलखंड क्रांति दल ने प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज को दिया ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल झांसी द्वारा आज महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी में दलित कर्मचारी लक्ष्मीनारायण को श्रम न्यायालय के आदेश के बावजूद ज्वाइन न कराए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से तत्काल न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए कर्मचारी को ज्वाइन कराने की मांग की।

बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि दलित कर्मचारी के साथ हो रहा अन्याय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि श्रम न्यायालय का आदेश प्रभावी होने एवं उच्च न्यायालय से कोई स्थगन आदेश न होने के बावजूद कर्मचारी को ज्वाइन न कराया जाना प्रशासन की मनमानी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्रांति दल सामाजिक न्याय एवं संविधानसम्मत अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से उल्लेख किया गया कि लक्ष्मीनारायण को श्रम न्यायालय, झांसी से वाद में निर्णय प्राप्त हो चुका है तथा मेडिकल कॉलेज द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर किए जाने के बाद भी कोई स्थगन आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त उप श्रम आयुक्त कार्यालय, झांसी द्वारा भी कई बार मेडिकल कॉलेज प्रशासन को आदेश के अनुपालन हेतु निर्देशित किया जा चुका है। बुंदेलखंड क्रांति दल ने चेतावनी दी कि यदि दलित कर्मचारी लक्ष्मीनारायण को शीघ्र ज्वाइन नहीं कराया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेज प्रशासन एवं शासन की होगी। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह, नगर अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, जिला महासचिव कालीचरण श्रीवास सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ०प्र०.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718